देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 209 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...अजेंडे का बदल जाना



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 21 नवंबर 2020



मौसम — अधिकतम 29.0⁰ न्यूनतम 14.0⁰

37244.59

2 बच्चे को बीमारियों से बचाएं

5 रवीना टंडन बनी स्क्रिप्ट राइटर

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश ने दिया अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। लोक आस्था के महापर्व छठ की धूम बिहार समेत देश के अलग–अलग हिस्सों में देखने को मिल रही है। सीएम नीतीश ने भी अपने निवास से ही अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। कोरोना संकट के बावजूद लोग इस महापर्व को पूरे भक्तिभाव के साथ मना रहे हैं। पूरे बिहार में अलग ही रौनक देखने को मिल रही है। हर आम और खास महापर्व को अपने अंदाज में मना रहा है। चार दिनों के इस अनुष्ठान में आज छठव्रती जलाशयों में पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दे रहे हैं। इसको लेकर पटना में गंगा तट पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। प्रदेश में शहरों से लेकर गांवों तक में छठी मइया के गीत गूंज रहे हैं।

### जम्मू–कश्मीर में कभी नहीं हो सकती अनुच्छेद–370 की फिर से बहाली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 की कभी भी बहाली नहीं हो सकती। जम्मू–कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं और ये उनका अधिकार है। पीपुल्स एलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन को गुपकार गैंग करार देते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं।

### बीजेपी ने देश को बांटने के लिए बनाया लव जिहाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। लव जिहाद को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को भारती जनता पार्टी (बीजेपी) पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि 'लव–जिहाद' बीजेपी का देश को बांटने के लिए बनाया गया एक शब्द है। गहलोत ने कहा, 'शादी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला है और इसे रोकने के लिए एक कानून लाना पूरी तरह से असंवैधानिक है।' एक के बाद एक तीन ट्वीट करते हुए गहलोत ने 'लव–जिहाद' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए इसके पीछे बीजेपी पर निशाना साधा।

# तबाही के इरादे से आए थे चारों आतंकी

## नगरोटा एनकाउंटर पर पीएम मोदी ने की समीक्षा बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- ■पीएम मोदी ने लिया पाकिस्तान का नाम
- ■पाक की नापाक साजिश को हमारे सुरक्षाबलों ने विफल कर दिया

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर में नगरोटा में हुए एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान स्थित जैश ए मोहम्मद के चार आतंकियों को दोजख का रास्ता दिखा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मामले में पाकिस्तान का सीधा नाम लिया है। पीएम मोदी ने लगातार दो ट्वीट किए हैं। पीएम ने कहा कि पाकिस्तान स्थिति जैश ए मोहम्मद के आतंकी जिस मंशा के साथ भारत में दाखिल हुए थे, हमारे सतर्क सुरक्षाबलों ने उनकी हर मंशा पर पानी फेर दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद से जुड़े 4 आतंकवादियों के साथ बड़ी मात्रा में हथियारों और विस्फोटकों की मौजूदगी यह संकेत देती है कि ये आतंकी हमारे देश के भीतर दहशतगर्दी फैलाने आए थे और सेना ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। उन्होंने आगे कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने एक बार फिर अत्यंत बहादुरी और उनकी सतर्कता के कारण आंतकी साजिश नाकाम हुई। पीएम मोदी ने कहा कि सुरक्षाबलों ने जम्मू–कश्मीर में जमीनी स्तर के लोकतांत्रिक प्रणाली को निशाना बनाने वाली एक नापाक साजिश को हराया है।

**पीएम ने की थी बैठक:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गृह मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, विदेश सचिव और शीर्ष खुफिया अफसरों के साथ नगरोटा एनकाउंटर पर समीक्षा बैठक की। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, ये आतंकी 26ध्11 हमले की बरसी पर एक बड़े आतंकी हमले की तैयारी में थे।



### बड़े हमले की थी साजिश

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह ,राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव और शीर्ष खुफिया अफसरों के साथ नगरोटा एनकाउंटर पर समीक्षा बैठक की। सूत्रों के मुताबिक सरकार का ये मानना है कि आतंकवादी 26ध11 की वर्षगांठ पर एक आतंकी हमले की योजना बना रहे थे। बता दें कि बीते गुरुवार तड़के हुए मुठभेड़ में 4 आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह ,राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव और शीर्ष खुफिया अफसरों के साथ नगरोटा एनकाउंटर पर समीक्षा बैठक की। सूत्रों के मुताबिक सरकार का ये मानना है कि आतंकवादी 26/11 की वर्षगांठ पर एक आतंकी हमले की योजना बना रहे थे। बता दें कि बीते गुरुवार तड़के हुए मुठभेड़ में 4 आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया था। दरअसल जम्मू के नगरोटा में बन टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को एन–44 पर ढेर कर दिया। आतंकी एक ट्रक में छिपकर आ रहे थे और चेकिंग के लिए रोके जाने पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के दौरान जवानों ने ट्रक को विस्फोट से उड़ा दिया, जिसके बाद आतंकी पास में जंगल की तरफ भागने लगे। 3 घंटे तक चले ऑपरेशन में सभी आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया।

# हाईकोर्ट से सम्बद्ध शिक्षकों को लगा तगड़ा झटका

## सुविधाजनक स्थान छोड़ मूल विद्यालय में देनी होगी डयूटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नैनीताल। हाईकोर्ट ने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में सम्बद्ध शिक्षकों को मूल विद्यालय में भेजने के वर्तमान सरकार के आदेश को चुनौती देती प्रारंभिक शिक्षकों की याचिकाएं खारिज कर दी हैं। कोर्ट के आदेश के बाद पहाड़ के स्कूलों में तैनाती के बजाय देहरादून, हल्द्वानी समेत अन्य शहरों के सुविधाजनक विद्यालयों में सम्बद्ध शिक्षकों को बड़ा झटका लगा है। अब उन्हें मूल तैनाती वाले स्कूल में ड्यूटी देनी होगी। दरअसल 2016 में बड़े पैमाने पर शिक्षकों के तबादले व संबद्धता आदेश किये गए था। करीब छह सौ प्रारंभिक शिक्षक मूल विद्यालय के बजाय मनमाफिक व सुविधाजनक विद्यालय में सम्बद्ध हो गए।

2019 में सरकार ने संबद्धता समाप्त करते हुए मूल विद्यालय में तैनाती के आदेश जारी किए गए। कुछ शिक्षक तो मूल विद्यालय चले गए जबकि कुछ ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सरकार के आदेश को चुनौती दी। अदालत से कुछ शिक्षकों को अंतरिम राहत भी मिली थी। अब न्यायाधीश न्यायमूर्ति लोकपाल सिंह की एकलपीठ ने करीब दो दर्जन से अधिक शिक्षकों की याचिकाएं खारिज कर दी। जिससे सरकार को बड़ी राहत मिली है।

# कोरोना की तीसरी लहर, स्कूल हुए बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### कोरोना अपडेट

■पौड़ी गढ़वाल जिले के 23 स्कूलों के 80 शिक्षक निकले थे पाजिटिव

नई दिल्ली। देशभर में कोरोना की तीसरी लहर के चलते सरकारों के हाथ पैर फूल रहे हैं। त्योहारी सीजन के बाद अब कोरोना मामलों में एकदम से उछाल देखी जा रही है। देश के कई राज्य अब दुबारा से कई तरह के प्रतिबंध लगाने लगे हैं।

अनलॉक 6 की प्रक्रिया के तहत छूट मिली तो कई राज्यों ने कोरोना गाइडलाइन के पालन और सतर्कता के दावे के साथ दोबारा स्कूल खोले। हालांकि अब बच्चों और टीचर तक कोरोना संक्रमण पहुंचने से सरकार और प्रशासन सकते में आ गए हैं। उत्तराखंड में भी स्कूल खुलने के 5 दिन बाद ही 6 नवंबर को 84 स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया था। यहां पौड़ी गढ़वाल जिले के 23 स्कूलों के 80 शिक्षकों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। हालांकि यहां पांच दिनों के लिए स्कूल बंद किए गए थे ताकि उन्हें साफ करके फिर से खोला जा सके। हरियाणा का मामला सुर्खियों में हैं। यहां सरकार ने सबसे पहले स्कूल खोले थे मगर यहां टीचर से लेकर छात्र तक कोरोना संक्रमित हो गए हैं। इस वजह से कई राज्यों में स्कूलों को दोबारा बंद करने का फैसला लिया जा रहा है।

वहीं मुंबई ने फिलहाल इस साल स्कूल न खोलने का फैसला किया है। मुंबई की मेयर किशोरी पेडनेकर ने कहा, बीएमसी के क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी स्कूल 31 दिसंबर तक बंद रहेंगे। मुंबई में कोरोना के मामले फिर से बढ़ने की वजह से यह फैसला लिया है। अब 23 नवंबर से स्कूल नहीं खुलेंगे।

इसी तरह कर्नाटक में बढ़ते कोरोना मामलों की वजह फिलहाल स्कूल खोलने के फैसले को टाल दिया गया है। गुजरात में बढ़ते कोरोना मामलों की वजह से स्कूल खोलने की डेट को आगे बढ़ा दिया गया है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत के दोस्त फ्रांस ने इमरान खान को दिया करारा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### मिराज जेट–पनडुब्बी को नहीं करेगा अपग्रेड

पेरिस। भारत के दोस्त फ्रांस ने पाकिस्तान की सेना को करारा झटका दिया है। फ्रांस ने पाकिस्तान के मिराज फाइटर जेट, एयर डिफेंस सिस्टम और अगोस्ता 90ठ क्लास की सबमरीन को अपग्रेड नहीं करने का फैसला किया है।

माना जा रहा है कि पैगंबर कार्टून विवाद में तुर्की के इशारे पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की फ्रांसीसी राष्ट्रपति की आलोचना से नाराज होकर पेरिस ने यह कदम उठाया है।

इमरान खान ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रां के धर्म का मजाक उड़ाने के अधिकार के बचाव की आलोचना की थी। यही नहीं फ्रांस ने राफेल जेट उड़ाने वाले कतर से कहा है कि वह पाकिस्तानी मूल के तकनीकी विशेषज्ञों को इस लड़ाकू विमान के साथ काम करने की अनुमति नहीं दे। फ्रांस को आशंका है कि पाकिस्तानी टेक्निशियन राफेल के बारे में खुफिया जानकारी पाकिस्तान को लीक कर सकते हैं। भारत ने हाल ही में फ्रांस से राफेल जेट खरीदा है। इनमें से कई विमान भारत पहुंच भी गए हैं।